श्री मंजीत कुमार सिंह, माननीय स०वि०स० से प्राप्त प्रतिहस्ताक्षरित याचिका संख्या-19/26 का उत्तर प्रतिवेदन

याचिका	उत्तर प्रतिवेदन
बिहार राज्य के सारण तटबंध सहित अन्य तटबंधों के निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण नहीं कराया जा रहा है। तटबंध के पहुँच पथ पर गुणवत्तापूर्ण मिट्टी भी नहीं डाला जा रहा है। जिसमें तटबंध कमजोर होता है। तटबंध का कार्य गुणवत्तापूर्ण कराने हेतु पत्र लिखा गया है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है। अतएव याचिका के माध्यम से सरकार से याचना करते हैं कि सरकार बिहार राज्य के सारण तटबंध सहित सभी जिलों के सभी तटबंधों का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण कराने की कृपा की जाए।	वस्तुस्थिति यह है कि गोपालगंज एवं सारण जिला अंतर्गत गंडक नदी के दायें तट पर 152 किलोमीटर की लम्बाई में सारण मुख्य तटबंध पूर्व से निर्मित है (गोपालगंज जिला- 72 किलोमीटर एवं सारण जिला-80 किलोमीटर)। सारण जिला अन्तर्गत सारण तटबंध के कि0मी0 40.00 से कि0मी0 80.00 के बीच सुदृढ़ीकरण एवं सड़क निर्माण कार्य प्रगति पर है। साथ ही गोपालगंज जिला अन्तर्गत सारण तटबंध के कि0मी0 80.00 से कि0मी0 152.00 के बीच तथा संलग्न छरकियों का सुदृढ़ीकरण एवं सड़क निर्माण कार्य प्रगति पर है। इन कार्यों का कार्यान्वयन गुणवत्ता एवं विशिष्टि के अनुरूप अभियंताओं के सतत् पर्यवेक्षण में एवं प्राक्कलन के प्रावधानानुसार कराया जा रहा है। इन कार्यों की गुणवत्ता जाँच विभागीय गुण नियंत्रण संगठन द्वारा करायी गयी है एवं जाँचफल मानक के अनुरूप है। राज्यान्तर्गत नये तटबंधों के निर्माण एवं पूर्व निर्मित तटबंधों का सुदृढ़ीकरण कार्य अभियंताओं के सतत् पर्यवेक्षण में एवं स्वीकृत प्राक्कलन के प्रावधानानुसार कराया जाता है एवं इन कार्यों के गुणवत्ता की रैण्डम जाँच विभागीय गुण नियंत्रण संगठन द्वारा अक्रमतः चयनित स्थलों से पूरे कार्यान्वयन अवधि के दौरान समय-समय पर की जाती है तथा प्राप्त जाँचफल के आलोक में आवश्यक कार्रवाई की जाती है।

PTO

बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक–25 / वि0स0या0(गो0)–07–05 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– अवर सचिव, बिहार विधान सभा सचिवालय, बिहार, पटना को उनके ज्ञापांक–344 दिनांक–10.04.2026 के प्रसंग में याचिका सं0–19 / 26 का उत्तर प्रतिवेदन (पाँच प्रति) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0या0(गो0)–07–05 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0या0(गो0)–07–05 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0या0(गो0)–07–05 / 2026–2486 पटना, दिनांक– 05/06/2026

प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई0 टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

5.6.26
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव
05.06.26

Desktop-R.M.F./2025/ Sec-25/memo